**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजित

**वर्धा, 20 अगस्त 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 18-25 अगस्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिविन्यास एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहानी की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय भाषाओं पर सारगर्भित वक्तव्य दिया।




कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. अभिषेक उपाध्याय द्वारा मंगलाचरण से किया गया। प्रस्ताविकी एवं विशिष्ट वक्ता का परिचय मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. अवधेश कुमार ने दिया। सत्र का संचालन शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर एवं समन्वयक डॉ. हरीश पांडेय ने किया एवं डॉ. संदीप वर्मा ने आभार माना। इस अवसर पर आभासी पटल के माध्यम से भारत के 17 राज्यों के 172 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

द्वितीय सत्र में दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अजय शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति : शोध एवं विकास पर अनुसंधान मूलक वक्तव्य प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन निदेशक प्रो. अवधेश कुमार ने किया तथा एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. संयुक्ता थोराट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र के उप-निदेशक डॉ. राजेश लेहकपुरे, सहायक निदेशक डॉ. के. सी. पाण्डेय, शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. योगेन्द्र बाबू, हिंदी साहित्य विभाग के एसोशिएट प्रोफ़ेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार वर्मा की उपस्थिति रही।

## महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात राष्ट्रीय शिक्षण धोरणावर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**वर्धा, २० ऑगस्ट २०२५** : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात १८ ते २५ ऑगस्ट दरम्यान 'राष्ट्रीय शिक्षण धोरण उन्मुखीकरण व संवेदनशीलता कार्यक्रम' मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्राच्या अंतर्गत आयोजित करण्यात आला. उद्घाटन सत्रात उत्तराखंड मुक्त विद्यापीठ, हल्द्वानीचे कुलगुरु प्रो. नवीन चंद्र लोहानी यांची प्रमुख उपस्थिती लाभली. त्यांनी राष्ट्रीय शिक्षण धोरण व भारतीय भाषांवर सखोल आणि विचारप्रवर्तक व्याख्यान सादर केले.

कार्यक्रमाची सुरुवात डॉ. अभिषेक उपाध्याय यांनी मंगलाचरणाने केली. कार्यक्रमाची प्रस्तावना व प्रमुख वक्त्यांचा परिचय मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्राचे संचालक प्रो. अवधेश कुमार यांनी केले. सत्राचे संचालन शिक्षण विभागाचे सहायक प्रोफेसर व समन्वयक डॉ. हरीश पांडेय यांनी केले व डॉ. संदीप वर्मा यांनी आभार मानले. या वेळी देशातील १७ राज्यांतील १७२ सहभागी आभासी माध्यमातून उपस्थित होते.

द्वितीय सत्रात दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ, गोरखपूर येथील इंग्रजी विभागाचे प्रो. अजय शुक्ला यांनी *'राष्ट्रीय शिक्षण धोरण : संशोधन व विकास'* या विषयावर संशोधनाधारित व्याख्यान दिले. या सत्राचे संचालन प्रो. अवधेश कुमार यांनी केले, तर असोसिएट प्राध्यापिका डॉ. संयुक्ता थोराट यांनी आभार मानले.

या कार्यक्रमात मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्राचे उपसंचालक डॉ. राजेश लेहकपुरे, सहायक संचालक डॉ. के. सी. पांडेय, शिक्षण विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र बाबू, हिंदी साहित्य विभागाचे असोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी व जनसंचार विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार वर्मा उपस्थित होते.

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**